Regarding the Alirajpur-Khargone-Khandwah new broad gauge railway line project

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल **(खरगौन) :** माननीय सभापति जी, मैं मध्य प्रदेश के खरगौन-बड़वानी लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र में रेल लाइन बिल्कुल नहीं है । मैं आदरणीय रेल मंत्री अश्विनी कुमार जी से पूर्व में मिला था । उन्होंने नए सर्वे के लिए स्वीकृति प्रदान की थी, जिसके लिए मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं ।

मैं रेल मंत्री जी का ध्यान अलीराजपुर खरगौन-खंडवा नई ब्रॉड गेज रेल लाइन के विषय पर आकर्षित करता हूँ। 6.25 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किए गए इस रेल मार्ग का अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) वर्तमान में जारी है। इसमें फुट-टू-फुट सर्वे तथा ड्रोन मैपिंग शामिल है। यह परियोजना पूर्वी और पश्चिमी निमाड़ के 5 जिलों खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर को जोड़कर विकास की दिशा में मार्ग देगी । चूंकि सर्वे में पहाड़ी क्षेत्र, नदी, नाले, नर्मदा नदी की सहायक नदियाँ हैं और कृषि भूमि भी शामिल है ।

मेरा रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि वह राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वे के दौरान चिन्हित किए गए नदी-पहाड़ी क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन को जल्द अंतिम रूप दे । परियोजना की मंजूरी से पहले ही भूमि अधिग्रहण के लिए आवश्यक धारा 20 ए और अन्य अधिसूचनाएँ जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दे, ताकि बाद में परियोजना में विलंब न हो । सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को मिशन मोड में पूरा करने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें ।

मैं पुन: इसके लिए माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं । धन्यवाद ।